हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 28 अगस्त 2025

04 झांकी आयोजकों मूर्तिकारों सहित जरूरी सेवा प्रदाता व विभागों की बैठक में जिला...



07 10 दिवसीय मंगल मूर्ति भगवान गणपति की आराधना का पर्व शुरू





## ऊमरी-पाटई के बीच जंगल में जुए के बड़े फड़ पर दबिश देकर 08 जुआरी दबोचे

**जुआरियों से 02 लाख 03 हजार की नकदी एवं 02 मोटर साइकिल सहित लगभग 3.50 लाख का माल मशरूका बरामद**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जुए के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए ऊमरी-पाटई के बीच जंगल में बड़े स्तर पर जुआ खेल रहे 08 जुआरियों पर कार्यवाही कर, जिनसे जुए के 2,03,000/- रूपये नगदी एवं 02 मोटर सायकिल सहित लगभग 3.50 लाख का मशरूका बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की गई है । गत दिनांक 26 अगस्त 2025 की शाम जिले के म्याना थानांतर्गत ऊमरी चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ऊमरी-पाटई के बीच जंगल में दुधौनिया गांव के रोड़ पर बाबाराजा फार्म हाउस के पास कुछ लोग बड़े स्तर पर जुआ (टांग) खेल रहे हैं। थाना क्षेत्र में जुए की सूचना के मिलते ही सूचना की तस्दीक और जुआरियों पर कार्यवाही हेतु म्याना थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह सिकरवार द्वारा ऊमरी चौकी प्रभारी सउनि महेन्द्र सिंह चौहान एवं पुलिस



टीम के साथ ऊमरी-पाटई के बीच जंगल में मुखबिर के बताये स्थान पर तुरंत दबिश दी, जहां पर 7-8 लोग झुण्ड बनाकर तास पत्तों से रूपये के हारजीत के दाव लगाकर मांग पत्ती का खेल (टांग) खेलते मिले। पुलिस दविश देखते ही जुआरियों में एकदम से भगदड़ मच गई, लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा जुआरियों की घेराबंदी कर दौड़ते-भागते कड़ी मशक्कत के बाद सभी जुआरियों को मौके पर ही धर दबोच लिया गया । जुआरियों ने पूछताछ पर अपने नाम 1-असलम पुत्र अहमद शेर खान उम्र 49 साल निवासी जामा मस्जिद के सामने कैंट गुना, 2-अभि पुत्र मनोज जाट उम्र 21 साल निवासी भगत सिंह कालोनी नानाखेड़ी कैंट गुना, 3-शुभम पुत्र रविशंकर शर्मा उम्र 40 साल निवासी फ्रैंडस कॉलोनी कैन्ट गुना, 4-शाबिर पुत्र सब्बन खान उम्र 35 साल निवासी कैंट थाने के पास अशोकनगर रोड गुना, 5-नितिन पुत्र रविन्द्र रघुवंशी उम्र 24 साल निवासी सीताराम कालोनी कैंट गुना, 6-अंकित पुत्र शिवराम रघुवंशी उम्र 21 साल निवासी हीराबाग कैंट गुना, 7-जावेद पुत्र शमसाद खान उम्र 45 साल निवासी पटेल नगर कैंट गुना एवं 8-अर्जुन पुत्र अमोल सिंह अहिरवार उम्र 19 साल निवासी पटेलनगर कैंट गुना के होना बताए । पुलिस द्वारा मौके से कुल 2,03,000/-रूपये नगदी सहित तास की एक गड्डी एवं दो मोटर सायकिल कुल कीमती करीबन 3.50 लाख रूपये का मशरुका विधिवत जप्त कर जुआ खेल रहे सभी 08 जुआरियों के विरुद्ध म्याना थाने में अप.क्र. 256/25 धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की गई ।

## समाचार संक्षेप

### हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ एक आरोपी और किया गिरफ्तार



**गुना।** कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्रय की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर हाथभट्टी की बनी अवैध कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है । बीते रोज कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम करोद में एक व्यक्ति के हाथभट्टी की कच्ची शराब बेचने के लिए अपने घर पर रखे होने की मुखबिर सूचना पर कैंट थाने से पुलिस की एक टीम तत्काल करोद पहुंची और जहां मुखबिर के बताए घर पर गए तो एक व्यक्ति पुलिस को देखते ही कैनों को उल्टा कर उन्हें फैलाने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस फोर्स द्वारा तुरंत घेराबंदी कर पकड़ा गया । पूछताछ पर उसने अपना नाम हेमराज पुत्र जगन्नाथ अहिरवार उम्र 24 साल निवासी ग्राम करोद थाना केंट गुना का होना बताया जिसके पास मिली दोंनो केनों को चेक करने पर उनमें हाथभट्टी की बनी कुल 65 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जिसके विरूद्ध केंट थाने में अप.क्र. 816/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है । अवैध शराब के विरूद्ध केंट थाना पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक बुन्देल सिंह सुनेरिया, प्रधान आरक्षक अमित तिवारी, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र परिहार, प्रधान आरक्षक मुकेश मौर्य, प्रधान आरक्षक गौरीशंकर सांसी, आरक्षक धर्मेन्द्र रघुवंशी एवं आरक्षक रिषभ शर्मा की विशेष भूमिका रही है ।

### मां तुझे प्रणाम योजनांतर्गत ऑनलाइन आवेदन आंमत्रित

**गुना ।** संचालनालय भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार राष्ट्रवाद की की भावना से ओत प्रोत माँ तुझे प्रणाम योजना मप्र शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, इसका प्राथमिक उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र की सीमाओं के प्रति आदर का भाव विकसित करना, सीमा पर सैन्य गतिविधियों तथा दिनचर्या से अवगत कराना। साथ ही प्रदेश के एतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचय कराये जाने हेतु अनुभव यात्रा की जावेगी। माँ तुझे प्रणाम योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिये प्रति विकासखंड से 10 युवाओं ( 05 युवक एवं 05 युवतियों) का चयन भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा या प्रदेश के एतिहासिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक स्थानों से परिचय कराये जाने के लिये किया जाना है। जिसमें 01 एन.सी.सी., 01 एन.एस.एस, 01 खिलाडी, 01 मेघावी छात्र, 01 स्काउट एवं इसी मान से युवतियों जिनकी आयु 15 से 25 वर्ष दिनांक 31 दिसम्बर 2026 तक हो का चयन किया जावेगा। माँ तुझे प्रणाम योजनान्तर्गत दिनांक 06 सितम्बर 2025 तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जाना है।

### गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा अन्य असंगठित श्रमिकों के पंजीयन का अभियान 5 से

**गुना ।** गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों तथा अन्य असंगठित श्रमिक शासन द्वारा संचालित ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीयन बेवसाईट पर जाकर सीधे अपने मोबाइल के माध्यम से अथवा अपने निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सी एस सी) पर संपर्क कर सकते है। निःशुल्क पंजीयन के लिए समग्रआईडी, आधार नंबर, आधार लिंक्ड मोबाइल नंबर तथा बैंक का आई.एफ.एस.सी. कोड सहित बचत खाता क्रमांक की आवश्यकता होगी। श्रम विभाग गुना द्वारा जिला स्तर पर 5 सितम्बर 25 तक अभियान संचालित किया जा रहा हैं। पंजीयन की प्रक्रिया के अंतर्गत पर ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन पर क्लिक कर उपरोक्तानुसार समस्त जानकारी तथा चाही गई अन्य व्यक्तिगत जानकारी भरे जाने पर ई-श्रम कार्ड का प्रिंट प्राप्त होगा जो आजीवन सम्पूर्ण भारत में मान्य होगा। पंजीयन से संबंधित किसी भी जानकारी अथवा समस्या के निदान के लिए एवं पंजीयन के लिए कार्यालय श्रम पदाधिकारी जिला गुना में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

### स्व. गिरधर शर्मा की 8वीं पुण्यतिथि पर नेत्र शिविर आयोजित किया गया



**गुना।** स्व. गिरधर शर्मा की 8वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लायन्स नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य का आयोजन शर्मा परिवार एवं लायन्स क्लब गुना सिटी द्वारा किया गया।समाजसेवा में सदैव अग्रसर शर्मा परिवार अपने बुजुर्गों की अवतरण एवं पुण्यतिथि पर जनहित में ऐसे नेक कार्य करता रहा है। कार्यक्रम का संचालन गुलशन डाबर ने किया।इस अवसर पर शर्मा परिवार के अग्रज श्याम बाबू शर्मा के आलावा गोपाल, दीपक, पवन, अश्विनी गौतम, श्रीमती नीलम, इंद्रा, प्रीति शर्मा, सपना, आयुषी सहित पेंशनर संघ अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव, रंजीत तोमर, एडवोकेट मोहर सिंह लोधी व शहर के अनेक वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पूजा अर्चना के साथ गणेशोत्सव की हुई शुरुआत, उमड़ी आस्था

# घर-घर हुई गणेश स्थापना, शहर के मंदिरों और जगह-जगह लगेंगी मनोरम झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मन्दिरों और झांकी में भी भगवान गणेश की स्थापना का सिलसिला शुरू हो गया है। घर घर में गणेश स्थापना के साथ ही भगवान गणेश की पूजा अर्चना के साथ साथ गणेशोत्सव की शुरुआत भी ही गई है। जो कि पूरे एक सप्ताह तक चलेगा। इन प्रतिमाओं का विसर्जन आगामी जल झूलनी एकादशी पर निकलने वाले फूल डोल चल समारोह के साथ किया जाएगा। कैंट इलाके में इन प्रतिमाओं का विसर्जन परम्परा के अनुसार अनंत चौदस पर किया जाएगा, क्योंकि कैंट इलाके में दशकों से अनंत चौदस पर झांकियां लगाई जाती हैं, साथ ही चल समारोह भी निकाला जाता है। कुल मिलाकर सुबह से ही भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही उनकी पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया है। इस अवसर पर घर घर में प्रतिमा स्थापना कर श्रद्धालुओं द्वारा परिवार सहित पूजा अर्चना कर उन्हें प्रिय भोग



लगाया गया और फिर आरती उतार कर मत्था टेक कर मंगल कामनाएं की गईं। इसी के साथ ही गणेशोत्सव की शुरुआत हो गई है। इसी के साथ ही आज पहले दिन सार्वजनिक स्थानों पर लगाई जा रही झांकियों की सजावट के बाद कल दूसरे दिन से रात के समय झांकी स्थलों तक आने जाने वाले रास्ते भी गुलज़ार रहेंगे।


एक सर्वेक्षण के मुताबिक आंचल में शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में करीब 5000 स्थानों पर श्री गणेश जी के पंडाल लगाए जा रहे हैं। वहीं शहरी क्षेत्र में करीब ढाई सौ स्थानों पर गणेश जी की झांकियां लगाई जा रही है। त्यौहार के दौरान दस दिनों तक मंदिरों एवं कार्यक्रम स्थलों पर भारी भीड़ उमडन्े की संभावना को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस से लगातार विद्युत सप्लाई एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है।

देखा जा रहा है कि विद्युत व्यवस्था गड़बड़ा जाने से त्यौहार के अवसर पर अवरोध उत्पन्न होता है। श्री मंथन ने श्रद्धालुओं से घर-घर मिट्टी की मूर्तियां स्थापित करने की अपील की है। पौराणिक मान्यता के तहत भी मिट्टी के गणेश जी की स्थापना ही सर्वश्रेष्ठ है। पर्यावरण की रक्षा करना हमारा परम धर्म है। इस दौरान 27 अगस्त बुधवार को गणेश चतुर्थी, 28 अगस्त को ऋषि पंचमी, 31अगस्त को राधाष्टमी, 3सितम्बर को डोल ग्यारस, 4 सितंबर को वामन द्वादशी, 9 सितंबर को अनंत चौदह पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।*

## धार्मिक यात्रा पर परिवार, घर से बदमाश तीन लाख रुपए का सामान ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के महावीरपुरा वार्ड क्रमांक 22 में उस समय हड़कंप मच गया जब एक सूने घर को बदमाशों ने निशाना बनाते हुए लाखों का माल साफ कर दिया। फरियादी भारत राठौड़ 24 अगस्त रविवार को अपने परिवार सहित धार्मिक यात्रा पर मथुरा-वृंदावन गए थे। 27 अगस्त की सुबह लगभग 4 बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि उनके घर के ताले टूटे पड़े हैं और सारा सामान बिखरा हुआ है।दरअसल चोरी का पता सबसे पहले भारत राठौड़ के पिता को चला, जो पास के ही दूसरे मकान में रहते हैं। रात करीब 11 बजे उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। इसकी जानकारी तुरंत फोन पर बेटे भारत को दी, उस समय भारत मथुरा-वृंदावन में ही थे।घर पहुंचकर भारत ने देखा कि अलमारी और लॉकर भी टूटा हुआ था। चोर एक मोबाइल फोन, सोने का मंगलसूत्र, कान के झुमके, पायल, बच्ची के कान की बालियां, अंगूठी, पंचम जहाज के सिक्के और छोटे-मोटे चांदी के सामान के साथ लगभग 20 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए। कुल चोरी गए सामान की कीमत करीब 3 लाख रुपए आंकी गई है।फरियादी ने आज सिटी कोतवाली में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## चाहे भिंड विधायक हों या गुना के पन्नालाल... भाजपा सरकार से भाजपा विधायक ही परेशानः जयवर्धन

**सत्ताधारी पार्टी के दलाल कर रहे खाद की काला बाजारी**




**गुना।** भिंड में भाजपा विधायक नरेंद्र कुशवाह द्वारा कलेक्ट्रेट के घेराव के मामले में राघौगढ़ विधायक और गुना कांग्रेस जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने सत्ताधारी पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि जब प्रदेश और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है, तो उसी सरकार के एक विधायक को अपनी मांगों के लिए कलेक्ट्रेट का घेराव करना पड़ रहा है। जयवर्धन सिंह ने इस घटना के पीछे की मुख्य वजह खाद की कालाबाजारी को बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में खाद की कालाबाजारी हो रही है, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा, यह विडंबना है कि एक तरफ भाजपा के मंत्री बड़े-बड़े दावे करते हैं कि डीएपी की कोई कमी नहीं है, लेकिन चाहे भिंड के नरेंद्र कुशवाह हों या गुना के विधायक पन्नालाल शाक्य, सभी यह मानेंगे कि हर जिले में खाद की कमी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे ही किसी जिले में खाद पहुँचता है, सत्ताधारी पार्टी के दलाल उसकी कालाबाजारी शुरू कर देते हैं। इस वजह से आम किसान और उपभोक्ता तक खाद नहीं पहुँच पा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार अपनी ही नीतियों को लागू करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि जब सत्ता में बैठे विधायक को ही अपनी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करना पड़े, तो यह सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाता है।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में बजरंगगढ़ थाना पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से गुना पुलिस अधीक्षक श्री अंकित के द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों के निगरानी बदमाशों एवं गुंडे-बदमाशों के थाने पर डोजियर फार्म भरवाए जाने एवं उन्हें समाज में शांति और सदभाव से सामान्य जीवन यापन करने हेतु हिदायतों के निर्देश दिये गये हैं । निर्देशानुसार आज दिनांक 27 अगस्त 2025 को जिले के बजरंगगढ़ थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार द्वारा थाना क्षेत्र के सभी निगरानी बदमाश एवं गुंडे-बदमाशों को थाने बुलाकर डोजियर फार्म भरवाए जाकर बदमाशों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि वे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में लिप्त न हों तथा समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखते हुए सामान्य जीवन यापन करें । साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जब भी वे थाना क्षेत्र की सीमा से बाहर जाएँ, तो इसकी जानकारी थाने में उपस्थित होकर अवश्य दें । गुना पुलिस द्वारा जिले के सभी थाना क्षेत्रों में ऐसे निगरानी बदमाशों की निरंतर जाँच-परख एवं मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि जिले में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत किया जा सके । पुलिस की इस कार्यवाही का उद्देश्य जिले में अपराधों पर अंकुश लगाना एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखना है ।



## नगर में मीट मार्केट व चौक बाजार में अतिक्रमण पर कार्रवाई, सामान जब्त

**शांति समिति बैठक के बाद प्रशासन एक्शन मोड में**

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से हाल ही में थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में नागरिकों द्वारा नगर के मीट मार्केट व मुख्य चौक बाजार संबंधी शिकायतें दर्ज की गई थीं। इन्हीं शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए आज प्रशासन ने नगर में बड़ी कार्रवाई की।एसडीएम महेश कुमार बहम्ना, तहसीलदार अमित कुमार, थाना प्रभारी बृजमोहन भदोरिया तथा नगर परिषद सीएमओ दिनेश कुमार सोनी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने मीट मार्केट और नगर के मुख्य चौराहे का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले कई दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनका सामान जप्त किया गया।अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने, निर्धारित स्थान पर ही व्यवसाय करने तथा नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि त्योहारों के समय किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, गंदगी या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि दोबारा अतिक्रमण पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आम नागरिकों से अपील की गई कि नगर की स्वच्छता व शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।





## सीएम और सिंधिया ने दौरे तो किए तो बाढ़ पीड़ितों को 5 हज़ार से ज्यादा दिए कि नहीं?: जीतू

# जीतू पटवारी बोले-जयवर्धन और मैं सगे भाई जैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बुधवार को दतिया जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का गुना बायपास पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे और जयवर्धन सिंह सगे भाई जैसे हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से जयवर्धन को पूरा समर्थन देने की अपील की। दतिया में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे जीतू पटवारी के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गुना बायपास स्थित चिंताहरण पर एकत्र हुए थे। कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। पटवारी के साथ राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह और बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल और यादवेंद्र सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर पटवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।पटवारी ने हाल ही में गुना में आई भारी बारिश के बाद के हालात को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बारिश के बाद मुख्यमंत्री, कलेक्टर और सिंधिया ने दौरा किया, लेकिन वे लोगों की मदद नहीं कर पाए। उन्होंने सवाल किया कि क्या सरकार ने प्रभावितों को 5-5 हज़ार से ज्यादा की मदद दी? इस पर भीड़ ने जवाब दिया कि सरकार सिर्फ 5000 देकर खानापूर्ति कर रही है। पटवारी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने गुना के लोगों की मदद नहीं की।पटवारी ने कार्यकर्ताओं से हाथ जोड़कर आग्रह किया कि वे जयवर्धन सिंह को प्रदेश के काम के लिए भेजें, ताकि वे प्रदेश की राजनीति में अपनी भूमिका निभा सकें। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, मैं जब जयवर्धन को प्रदेश का काम बताऊंगा, तो आप लोग यहां संभालना। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जयवर्धन सिंह के नेतृत्व को स्वीकार करने की बात कही, जिस पर कार्यकर्ताओं ने जयवर्धन सिंह का समर्थन करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद पटवारी दतिया की ओर रवाना हो गए।



## समाचार संक्षेप

जैन दस लक्षण धर्म विशेष

### उत्तम क्षमा - कलह छोड़ क्षमा को धारें

राघौगढ़। क्षमा आत्मा का स्वभाव है। सहिष्णुता, समता और सौजन्य क्षमा की पर्यायें हैं। क्षमा की निष्पत्ति संस्कृत के "क्षमु" धातु से हुई है। यह सामर्थ्य और क्षमता के अर्थ से प्रयुक्त है। सामथ्र्य और क्षमता सम्पन्न व्यक्ति ही क्षमा धारण कर सकता है। क्षमा का एक अर्थ धरती और वृक्ष भी है। भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक विजय कुमार जैन राघौगढ़ (गुना) ने बताया कि धरती सारी दुनिया के भार को सहती है। सबके पदाघात को सहन करती है। किसी का कोई प्रतिकार नहीं करती है। यह धरती की महानता है। इसी कारण इसे क्षमा कहा जाता है। वृक्ष शीत, गर्मी और वर्षा की बाधाओं को प्रतिकार रहित सहन करते हैं। तब उनके मीठे फल लगते हैं वृक्ष पर पत्थर मारने पर भी वह मीठे फल देता है। यही उसकी महानता है। धरती और वृक्ष की भाँति सहिष्णु व्यक्ति ही क्षमा जैसे गुण धारण कर सकते हैं। क्षमा धारण करना विशिष्ट क्षमतावान महान आत्माओं के ही वश की बात है। आज के युग में क्षमा के लिये एक नया शब्द चल पड़ा है - सॉरी,सॉरी में क्षमा का भाव नहीं है। क्षमा अतंरग का भाव है। क्षमा तीन परिस्थितियों में की जाती है - (1) मजबूरी में (2) स्वार्थ वश (3) वास्तविक। क्रोध को उत्पन्न ही नहीं होने देना वास्तविक क्षमा है। गलतफहमी इससे बहुत जल्दी मनो मालिन्य हो जाता है। मन में शंका की दरार पड़ जाती है। इस गलतफहमी के कारण "सूत न कपास जुलाहों से लट्ठम् लट्ठा" की कहावत चरितार्थ हो जाती है। जिसके प्रति विश्वास हो उसके प्रति मिस अन्डर स्टण्डिंग या गलतफहमी नहीं होती है। यदि किसी के प्रति कोई गलतफहमी हो गई है, तो उसका निराकरण करना चाहिये। गहराई में जाकर सच्चाई का पता लगाना चाहिये। अपना पक्ष बता देने और सामने वाले का पक्ष सुन लेने से गलतफहमी का निराकरण हो जाता है। अन्यथा संशय और फिर कलह उत्पन्न हो जाती है। शास्त्रों में चार प्रकार के क्रोध बताये हैं। क्रोध से कलह होती है। क्रोध के चार प्रकार यह है (1) पत्थर की लकीर - कभी न मिटने वाली लकीर (2) धरती की लकीर - यह लकीर मौसम बदलने पर मर जाती है (3) धूल की लकीर - यह लकीर भी जल्दी मिट जाती है (4) पानी की लकीर - खींची नहीं कि मिट जाती है। संत पहले स्तर पर तो क्रोध को आने ही नहीं देते हैं। आ भी जाये तो वह जल की लकीर की भांति होता है। सन्तों ने कलह निवारण के उपाय भी बताये है - (1) सहिष्णुता का विकास (2) समग्रता का चिन्तन (3) विनोद प्रियता (4) मौनधारण - कलह को टालने का सरल उपाय है मौन। नीतिकार कहते हैं "मौनेन कलहा नास्ति" मौन धारण करने से कलह नहीं होती। एक अंग्रेजी विचारक ने लिखा है मौन स्वर्ण निर्मित आभूषण है। क्षमा की आज आराधना की है। क्रोध का अभाव कर, बैर व विरोध की गांठ न बंधने दें। यह भी संकल्प लें कि मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूँ। सभी जीव मुझे क्षमा करें, सब जीवों के प्रति मेरे मन में मैत्री हो, किसी के प्रति भी बैर न हो। हमारा यथा संभव प्रयास हो - किसी से कलह न हो। कभी कलह हो जाये तो तत्काल उसका निवारण करना चाहिये। यही गृहस्थ की उत्तम क्षमा है।

### सीएमओ ने किया निरीक्षण

राघोगढ़। नगर पालिका राघोगढ़ विजयपुर के क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मंगलवार सुबह सीएमओ तेज सिंह यादव ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और तत्काल सफाई करने के निर्देश दिए इस दौरान वार्डों में नालियां और गलियों की सफाई



कराई गई और कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया गया सीएमओ तेज सिंह यादव ने बताया कि नगर पालिका टीम लगातार वार्डो का भ्रमण कर रही है और विशेष रूप से नालियों की सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि कहीं भी पानी एकत्र न हो और मौसमी मच्छरों से लोगों को परेशानी ना उठाने पड़े उन्होंने कहा है कि वार्ड वासियों की सुविधा को देखते हुए हर क्षेत्र में नियमित सफाई और कीटनाशक दवाका छिड़काव कराया जा रहा हैं वहीं तहसील कार्यालय ब सामने सुलभ शौचालय में कर्मचारी द्वारा बताया गया कि पानी नहीं है जिससे आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सीएमओ द्वारा कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द यहां लाइन बेचकर पानी की व्यवस्था की जाए।

## गणेश उत्सव के शांतिपूर्ण और सफल आयोजन के लिए एसपी के निर्देश जारी

# झांकी आयोजकों मूर्तिकारों सहित जरूरी सेवा प्रदाता व विभागों की बैठक में जिला कप्तान ने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

प्रारंभ हुए गणेश उत्सव को जिले में शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से गुना पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी ने कलेक्ट्रेट सभागार में झांकी समितियों के आयोजकों, मूर्तिकारों एवं जरूरी सेवा प्रदाता विभागों की बैठक ली गई ।

जिसमें पुलिस अधीक्षक शअंकित सोनी के द्वारा झांकी समितियों के आयोजकों, मूर्तिकारों आदि से चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि : पूर्व से निर्धारित स्थलों पर ही झांकियों की स्थापना की जाए, नवीन स्थल पर झांकी लगाने के लिए पूर्व अनुमति ली जाए एवं इसकी जानकारी पुलिस और प्रशासन को अवश्य दें । झांकी पंडालों पर आयोजक एवं वालंटियर सुरक्षा व्यवस्था बनाकर रखेंगे एवं इस बात का विशेष ध्यान रखें कि



झांकी पाण्डाल के पास ज्यादा भीड़भाड़ एकत्रित न होने पावे ।

रात्रि के समय में भी आयोजन स्थल पर कम से कम तीन से चार वालंटियर आवश्यक रूप से उपस्थिति रहेंगे । पाण्डालों में अगरबत्ती एवं दीपक सावधानीपूर्वक जलाए जाएं तथा आग से सुरक्षा हेतु पानी, रेत एवं अग्निशामक सामग्री उपलब्ध रखी जाए ।झांकियों में मध्यम आकार के साउंड सिस्टम लगाये जायें और निर्धारित ध्वनि सीमा का उपयोग किया जाए । रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक डीजे अथवा किसी भी प्रकार की उच्च ध्वनि पर रोक रहेगी । डीजे की तेज आवाज से बच्चों, वृद्धजनों एवं मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न हो सकते हैं, सभी आयोजक इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे ।

झांकियों का विसर्जन केवल प्रशासन द्वारा चिह्नित स्थानों पर ही किया जाएगा । नगर पालिका द्वारा क्रेन के माध्यम से विसर्जन की व्यवस्था की जाएगी, कोई भी व्यक्ति स्वयं जल स्त्रोतों के समीप न जाए ।

बैठक में उपस्थित झांकियों के सभी आयोजकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया एवं अंत में पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने कहा कि पुलिस एवं प्रशासन हमेशा आमजन के साथ है, आप हम सभी मिलकर त्यौहारों को शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं ।

## आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

आगामी त्योहारों के मध्नजर पुलिस थाने में तहसीलदार प्रभारी अमित सोनी और एसडीओपी दीपा नायब तहसीलदार थाना प्रभारी जुबेर खान सीएमओ तेज सिंह यादव, की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ किया गया। इसमें सभी ने अपने विचारों से अवगत कराया तथा गणेश चतुर्थी डोल ग्यारस, प्रदूषण पर्व, ईद मिलादुन्नबी, अनंत चतुर्थी तक के त्योहारों को मनाने की परंपरा और चल समारोह के रूट पर विस्तार से चर्चा की गई झांकी समिति के



आयोजन कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदू त्योहार बनाने की परंपराओं को दोहराते हुए और समय सीमा सुरक्षा सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं और योजनाओं को बताया बैठक में अधिकारियों ने आवश्यक निर्देश दिए गणेश उत्सव की झांकियां और चल समारोह में डीजे रात्रि 10 के बाद बजाना प्रतिबंध है । हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय आपस में मिलजुल कर सभी त्योहार सांप्रदायिक एकता से मानते हैं । अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की बात की सूचना स्थानीय प्रशासन को दें सभी लोगों से प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा त्योहारों को शांतिपूर्वक व सुरक्षा के साथ बनाने की अपील की है बैठक में नगर की गणमन नागरिक उपस्थित रहे।

## राघोगढ़ में रेल टिकट आरक्षण काउंटर प्रारंभ करने की मांग

### विजय कुमार जैन ने सांसद दिग्विजय सिंह को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को पत्र भेजकर मांग की है कि राघौगढ़ नगर में रेल टिकट आरक्षण काउंटर प्रारंभ किया जाए। पत्र में विजय कुमार जैन ने उल्लेख किया है राघोगढ़ नगर की जनसंख्या 40 हजार है राघौगढ़ से 15 किलोमीटर दूर रुठियाई जंक्शन पर राघौगढ़ वासियों को रेल टिकट आरक्षण के लिए आना जाना पड़ता है। जिससे आम जनता को भारी परेशानी होती है। आपने मांग की है कि देश के अन्य नगरों की भांति राघौगढ़ नगर में भी रेल टिकट आरक्षण काउंटर उप डाकघर राघौगढ़ में प्रारंभ करने की अनुशंसा रेल मंत्री महोदय भारत सरकार को करने का कष्ट करें। विजय कुमार जैन ने श्री सौरभ कटारिया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को पत्र भेज कर मांग की है कि रुठियाई मक्सी रेल लाइन पर साडा कॉलोनी राघौगढ़ से गेल विजयपुर जाने वाले मार्ग पर अंडरपास के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण शीघ्र कराया जाए। आप में पत्र में उल्लेख किया है रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 21 मार्च 25 को उनके प्रस्ताव पर जानकारी दी गई थी कि रोड ओवर ब्रिज बनाने के लिए उपयोगिता जारी कर दी गई है। यह भी उल्लेख किया था कि राज्य शासन से प्रस्ताव आने पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। आपने आग्रह किया है कि राज्य शासन से प्रस्ताव मंगवाकर यह निर्माण कार्य शीघ्र चालू किया जाए। वर्तमान में अंडरपास में बरसात के मौसम में पानी भर जाने से सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है और आवा गमन में परेशानी होती है। विजय कुमार जैन ने एक और पत्र वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को भेज कर लिखा है कि जनहित में राघौगढ़ फ्लैग स्टेशन जो वर्तमान में गेल विजयपुर संयंत्र के पास स्थित है उसे बंद कर पुराने स्थान पर जेपी विश्वविद्यालय के सामने राघौगढ़ स्टेशन को चालू किया जाना जाए। इन दोनों मांगों की प्रतिलिपि आपने दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद राज्यसभा जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धन सिंह को भी भेजी है।

## झांकी पंडालों में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं विराजमान

राघोगढ़ । नगर में विघ्नहर्ता मंगल मूर्ति भगवान गणेश के जन्मोत्सव श्री गणेश चतुर्थी का पर्व बुधवार को नगर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी के साथ बुधवार से 10 दिवसीय गणेश उत्सव प्रारंभ हो गया है । पर्व के मौके पर नगर सहित जिले भर में घर-घर और झांकी पंडालो में भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं विराजमान कर पूजा अर्चना की गई । सुबह से शुभ मुहूर्त में घर-घर बप्पा की प्रतिमाएं विराजमान की गई । वहीं झांकी पंडालो में भी प्रतिमाओं को विराजमान किया गया जा रहा है ।



झांकी समितियां द्वारा डीजे ढोल के साथ बप्पा की जोरदार आगमनी करते देखे गए वहीं नगर में बाजार सड़कों के किनारे गणेश प्रतिमा व अन्य सजावटी सामानों के साथ पूजन सामग्री की दुकान लगी है । जहां दिन भर लोगों की भीड़ा नजर आई नगर में इस बार गली मोहल्लों से लेकर चौक चौराहे पर कहीं जगह बड़े-बड़े पंडाल सजाए गए हैं ।बुधवार से 10 दिन तक गणेश उत्सव की धूम धाम रहेगी राघोगढ़ नगर के चक्की गली स्थित हनुमान मंदिर समिति द्वारा गणेश जी की मनमोहक झांकी लगाई गई । जिसकी पूजा प बृजेश शर्मा पंडित द्वारा की जाएगी पंडित बृजेश शर्मा ने बताया कि भगवान गणेश प्रथम पूजनीय देवता हैं और सभी के दुख हारते हैं।

## नर से नारायण और पतित से पावन धर्मपरायण बनाते हैं दक्षलक्षण धर्मः मुनिश्री दुर्लभ सागर


### क्षमा धर्म- दशलक्षण का प्रथम दिवस विशेष, नगर में चल रहा मंगल चातुर्मास

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर मे चल रहे परम पुज्य आचार्य भगवन 108 श्री विधासागर जी महामुनि राज के बात्सल्य मुर्ति शिष्य108 श्री मुनि श्री दुर्लभ सागर का मंगल चातुर्मास नगर में हो रहा है इस चातुर्मास के अंतर्गत नित्य धर्म की गंगा बह रही है।

मुनि श्री के चातुर्मास अंतर्गत दश लक्षण धर्म पर बोलते हुए मुनिश्री ने कहा है कि है दश लक्षण धर्म हमें पतित से पावन नर से नारायण धर्म परायण बनाने के लिए दश लक्षण धर्म आते हैं ।

अतः हमे दश दिनों मे क्रोध की आग से झुठ के अभिमान से कुटिलता की नागिन से लालच की कीच से असत्य के बीज से असंयम की दुगंध से इच्छा की द्वंद से परिग्रह के पास नरक के संताप से बासना के ताप से बचाने के लिऐं ये लक्षण धर्म आते है । अतः हमे इन दस दिनों में



उत्तम दश लक्षण धर्म का पालन कर अपने जीवन को संयमित बनाकर मोक्ष मार्ग की ओर कदम बढ़ाने चाहिए हमें अपने आत्मा रूपी महल से समस्त प्रकार के कषाय रूपी गंदगी को निकाल कर ज्ञान रूपी दीपक को दश लक्षण धर्म में प्रकाशित करना है । आज की आचार्य श्री की पूजन का सौभाग्य नरेश चंद भैय्याजी परिवार एवं विधा गुरु उपासक सुरेश चंद सुनील कुमार पवन कुमार संजीव कुमार रामपुर परिवार परिवार को मिला मुनिश्री के मुखारविंद से विशेष शांतिधारा का बाचन हो रहा है ।

आज की प्रथम शांति धारा नरेश चंद जैन भैया जी परिवार परिवार चातुर्मास अंतर्गत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन नित्य हो रहा है आरोन में मुनि श्री के चातुर्मास अंतर्गत क्रोध विषय पर दुर्लभ वाणी प्रवचन माला में प्रतिदिन क्रोध के विषय में समझाया जा रहा है धर्म सभा में क्रोध विषय पर विशेष प्रवचन चल रहे है ।

समस्त कार्यक्रम में सकल दिगंबर जैन समाज के साथ अध्यक्ष विजय कुमार डोडिया चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष मिंटू लाल जैन बाखर नरेश चंद उपस्थित रहे समस्त जानकारी के के सरकार द्वारा दी गई।

# जिले में 41 मत्स्य पालन केंद्र इनमें से 3 में नगरीय क्षेत्र समितियां कार्यरत

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले में 41 समितियों द्वारा मत्स्य पालन का कार्य किया जाता है। जिनमें 7 समितियां बड़े तालाबों में मत्स्य पालन करती हैं। 21 जनपद के अंतर्गत आने वाले तालाबों में समितियां मत्स्य पालन करती हैं। 4 तालाब ग्राम पंचायतों के और दो जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाले तालाब में हैं। इसके आलावा शहरी क्षेत्र के 3 तालाब हैं जिनमें मत्स्य पालन किया जाता है। शहरी क्षेत्र में जो समितियां मत्स्य पालन का कार्य करती हैं उनमें ईसागढ का भुजरिया तालाब, मुंगावली का जेल तालाब और चन्देरी का हौजखाश तालाब है। मत्स्य विभाग के निरीक्षक संजय इनामदार ने बताया कि जनौदा और ध्यानपुर,पिपरिया ऐसी समितियां हैं जिनमें विवाद की स्थिति बनी हुई है। जनौदा में 2014 में समिति बनी थी यहां समिति को लेकर केस चल रहा है एक पक्ष पेशी पर नहीं जा रहा है दूसरा विवाद अमाही तालाब की समिति को




लेकर है। यहां 2006 की सूची से चुनाव हुआ था निर्वाचन भी हो चुका है एक ही परिवार के लोग अधिकांश रूप से समिति में हैं। यह मामला सहकारिता न्यायालय में चल रहा है। जो निर्वाचित कमैटी है वह काम कर रही है। उन्होंने बताया कि जिले के पारकना और पाटई गांव में वायोफ्लों गोल घेरे के रूप में लगाए गए हैं। जिसे गोल डिप कहते हैं जिसमें पंगेशियर मछली का उत्पादन किया जाता है। यह मछली कम समय में उत्पादित हो जाती है। 5 महीने में 500 से 600 ग्राम की मछली का उत्पादन हो जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में 25 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसकी लागत साढ़े सात लाख रूपये प्रति उपक्रम है। जो प्रधानमंत्री किसान मत्स्य समृद्धि योजना है उसमें छूट का स्पष्ट उल्लेख नहीं है। लेकिन बीमा का प्रावधान जरूर किया गया है। उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन के लिए जो समितियां काम कर रही हैं उनके लिए सहायता और भवन का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि निजी तालाब भी जिले में 114 हैं उनमें भी मत्स्य पालन किया जाता है। यहां से मछली झांसी भेजी जाती है। मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की सीमा पर बने राजघाट बांध में मत्स्य पालन को लेकर भी बंटवारा हुआ है 5 साल मध्यप्रदेश और 5 साल यूपी के द्वारा उत्पादन किया जाता है। इसकी शुरूआत 2022 से हुई है 5 साल तक यूपी का ठेका है।

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 100 मरीजों की जांच की गई

अशोकनगर। करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी भवन में किया गया। जिसमें 100 लोगों की जांच की गई और 50 लोगों को चिन्हित कर निःशुल्क भोजन कराकर श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर तहसील लटेरी बस द्वारा बस भेजा गया। नेत्र शिविर में रोटरी क्लब का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर अध्यक्ष माधव सिंह करैया, करुणानिधि सेवा समिति, कोषाध्यक्ष परसचंद जैन, सह सचिव प्रदीप शर्मा, मानकचंद्र जैन और हरिओम गुप्ता नेत्र शिविर को करने में अहम भूमिका रही।

# राधाष्टमी पर गीता जन जागरण यात्रा निकलेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मंगलवार को राधा कृष्ण मंदिर अशोकनगर रोड़ पिपरई में आगामी 31 अगस्त को राधाष्टमी के पावन अवसर पर गीता जन जागरण यात्रा निकलने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थितजनों ने सर्वप्रथम अथ ध्यानम से ईश्वर स्तुति कर श्रीरामचरित मानस के लंकाकांड से विजय रथ की चैपाइयों का वाचन किया।

राधाष्टमी की यात्रा का मार्ग तय किया गया। यात्रा का शुभारंभ श्रीराम-जानकी मंदिर स्टेशन रोड़ पिपरई से होगा तथा समापन समारोह श्री राधेकृष्णा मंदिर अशोकनगर रोड़ पिपरई पर होगा। यात्रा के दौरान भक्तजन शंख, झालर, मंजीरे की मधुर ध्वनि, के साथ हरे कृष्ण हरे राम संकीर्तन करते हुए चलेंगे। यात्रा में शामिल भक्तजन गीता जी के 18 अध्यायों की नाम पट्टिका क्रमवार लेकर चलेंगे तथा गीता पढ़ें, पढ़ाएं और जीवन में अपनाएं, गीता पढ़ो, आगे बढ़ो, गीता, गंगा, गौ माता, ये हैं हमारी जीवन दाता।। नारे लगाते हुए चलेंगे। गीता जन जागरण यात्रा में सर्वप्रथम गीता जन जागरण यात्रा का फ्लेक्स जिसे दो भक्त थामकर चलेंगे, जिनके पीछे शंख झालर मंजीरे वाले भाई बहिन होंगे इसके बाद राधारानी का चित्र और गीता मैया सिर पर धारण करके श्रद्धालु चलेंगे। श्रीराधा कृष्ण मंदिर पर पहुंचकर गीताजी के 12वे अध्याय भक्तियोग का सामूहिक वाचन किया जाएगा, इसके पश्चात आरती कर प्रसादी वितरित की जाएगी। बैठक में डॉ दशरथ यादव, विजय यादव थिगली, मनोज जैन, शिक्षक जगदीश सोनी, नेपाल सिंह देरासा तथा युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर के सदस्य गीताव्रती रामबली यादव, शिक्षक राजेन्द्र यादव, बलवीरसिंह यादव रांवसर, दिनेश यादव बक्सनपुर उपस्थित रहे।

### युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम 28 को शिवपुरी में आयोजित

शिवपुरी। सूक्ष्मए लघु व मध्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, उच्च शिक्षा विभागए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 28 अगस्त को प्रातः 10 बजे से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए अवसर उपलब्ध कराने आकांक्षी युवाओं को लाभान्वित किया जाता है। रोजगार अधिकारी ने बताया कि निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियां जैसे भगवती प्रोडक्ट, एमआरएफ, टाटा मोटर्स, स्वराज महिन्द्रा, टेनिको, राईस सहित कई कंपनी शामिल होंगी।

## मामला दर्ज होने के बाद पुलिस दूसरे गांव से लेकर आई

# पीएम श्री स्कूल कचनार से 3 छात्राएं अधीक्षक की मारपीट की धमकी देने से हुईं लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिले के कचनार थाने के अंतर्गत पीएम श्री स्कूल से 3 छात्राएं अचानक लापता हो गईं। यह छात्राएं कचनार के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में रह रहीं थीं। लंच टाइम के दौरान यह छात्राएं स्कूल से चली गईं जिसके बाद छात्रावास अधीक्षक ने गुमसुदगी दर्ज कराई है। जिसके बाद इन छात्राओं को पास के गांव से सुरक्षित छात्रावास लाया गया है। गायब हुई छात्राओं के बाद छात्रावास अधीक्षक सरला तोमर ने कचनार थाने में इनकी गुमसुदगी दर्ज कराई है। जिनमें दो 12 साल और एक 15 साल की छात्रा है। जब छात्राएं स्कूल में नहीं मिली तब स्कूल के ओर से छात्रावास अधीक्षक को सूचना दी गई। तब




छात्रावास अधीक्षक द्वारा गुमसुगदी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बाद में यह छात्राएं करैया बुद्धु गांव में एक छात्रा के घर पर सकुशल मिली हैं। यह छात्राएं स्कूल से कैसे और क्यों गईं यह अभी नहीं पता चला है। सिटी कोतवाली के टीआई आरपीएस चैहान ने बताया कि इन तीनों बालिकाओं से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह अपनी मर्जी से करैया बुद्धु गांव चली गईं थी। यह अपने घर जाने की जिद कर रही थीं। इन्हें सिटी वन स्टॉप सेंटर में भेजा गया है तथा उनके बयान कोर्ट में कराए जाएगें। टीआई आरपीएस चैहान ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक उन्हें मारपीट की धमकी देती थी तथा डराया धमकाया जाता था और मिर्ची का धुंआ सुगांने से डराया जाता था।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी गणेश एक सार्थक पहलः प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण सह कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यशाला मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण की संकल्पना पर केन्द्रित जन जागरूकता अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर चंदा रत्नाकर ने श्री गणेश जी की पूजन से किया। इस मौके पर उन्होंने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं का निर्माण सार्थक पहल है। माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर रश्मि जैन के निर्देशन में किया गया।

उन्होंने कहा पूर्वजों द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाकर ही पूजा अर्चन के लिए स्थापित की जाती थी। तदुपरांत आसानी से विसर्जित हो जाती थी। परन्तु आधुनिकता के प्रभाव स्वरूप पीओपी आदि अन्य सामग्री की तैयार प्रतिमाएं प्रकृति एवं पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हो गई है। यह अभिनव प्रयास अनुकरणीय है। कॉलेज की पूर्व एवं सर्वश्रेष्ठ छात्रा नेहा प्रजापति मूर्ति कलाकार को माटी गणेश मूर्ति निर्माण



प्रशिक्षण देने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि माटी गणेश प्रतिमा अभियान सराहनीय है। माटी में पंचतत्त्व होते हैं माटी से निर्मित प्रतिमा की पूजन अर्चन और विसर्जन का विशेष फल प्राप्त होता है। माटी रसायन मुक्त होती है विसर्जन में जल्दी घुल जाती है जो प्रकृति के अनुकूल है। कल्पना कुर्मी, करिश्मा कुर्मी, पूनम, नैनसी राजपूत, अमीषा धानक, टीना लोधी, राधा कुशवाहा, करीना अहिरवार आदि छात्राओं ने माटी से छोटे बड़े आकार की गणेश प्रतिमा बनाना सीखा। छात्राओं एवं स्टाफ ने माटी गणेश बनाने की शपथ ली। संचालन आरती ठाकुर एवं आभार डॉक्टर आशीष गुप्ता ने व्यक्त किया। इसमें डॉ उमा लवानिया, मीनू तिवारी (हस्तकला प्रशिक्षक ), यशवंत शर्मा, प्रशांत कुशवाहा, अमरजीत सिंह मठारू आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अग्रवाल समाज महिला मंडल के चुनाव संपन्न

**अशोकनगर।** जिले में अग्रवाल समाज महिला मण्डल के चुनाव आयोजित किए गए। जिसमें सर्व सम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। उक्त बैठक में अध्यक्ष अर्चना वसंल, उपाध्यक्ष सरिता अग्रवाल, सचिव पूजा वंसल,सह सचिव अंजना अग्रवाल, और कोषाध्यक्ष रश्मि जयपुरी को चुना गया है। यह बैठक हनुमान धर्मशाला में आयोजित की गई थी।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोहरे कॉलोनी निवासी अकील कुरैशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इप्पू कुरैशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ़ निवासी बालमुकुन्द चैबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गोविन्द तिवारी आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी धनीराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### 75 वर्षीय महिला की कुएं में डूबने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम बरखेडा अथाई निवासी निमिया बाई पत्नी कोमल आदिवासी उम्र 75 साल की काशीराम अहिरवार के कॉलोनी वाले खेत में बने कुए में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### करंट लगने से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम चक्क छपरा निवासी ज्योति कुशवाह उम्र 25 साल की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात आरोनी अल्टीमेटर चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत खैजरा हाट निवासी हरिओम रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 4 अज्ञात व्यक्ति फरियादी के घर के बाहर से अल्टीमीटर चोरी कर ले गए जिसकी कीमत 45 हजार रूपये है।

### अज्ञात चोर 40 कटटे मसूर चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत सूजल रघुवंशी निवासी अमरगढ़ थाना आरोन जिला गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम कोलुआ में पानी की टंकी के पास फरियादी के घर से अज्ञात चोर 40 कटटे मसूर के चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 32 वर्षीय युवक पर हमला कर घायल किया

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली थाना के अंतर्गत स्थानीय पठार मोहल्ला निवासी विनोद शर्मा पुत्र रामरतन शर्मा उम्र 32 वर्ष को घायल अवस्था में मोहल्ले के कुछ लोग संजीवनी 108 वाहन से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां घायल ने बताया कि वह हिरिया के टपरा की वस्ती में रहता है और 7 साल की जेल में रहकर घर पहुंचा है। जब मैं घर के बाहर बैठा था तभी बल्लू चिड़ार ने अपने दोनों लड़कों के साथ मुझ पर लाठी से हमला कर दिया जिससे मुझे चोटे आई हैं। घायल का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

### वृद्ध को बाइक चालक ने मारी टक्कर घायल

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पांडरी निवासी बाबूलाल यादव उम्र 75 वर्ष को घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां उपचार के दौरान परिवार जनों ने बताया कि बाबूलाल भैंसों को चराकर अपने चरवाह साथियों के साथ भैंसें लेकर वापिस आ रहे थे तभी सड़क पर पीछे से आ रहे बाईक चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गए।


## शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई, हर दिन होंगे आयोजन

# 10 दिवसीय मंगल मूर्ति भगवान गणपति की आराधना का पर्व शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विघ्न विनाशक भगवान गणपति जी की स्थापना का पर्व वुधवार से आरंभ हो गया। घर-घर के साथ संस्थानों और झांकियों में भगवान गणपति जी की प्रतिमाएं भक्ति भाव से स्थापित की गईं। शुभ मुहुर्त में यह स्थापना का पर्व पूरे दिन चलता रहा कईं झांकी आयोजन प्रतिमाओं को झांकियों तक ले जाते हुए देखे गए। देर रात तक स्थापना के आयोजन हुए।

गणपति जी का यह पर्व अशोकनगर शहर में उत्सव और आनंद के साथ श्रृद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। गणपति जी की स्थापना के पहले दिन से विर्सजन तक प्रतिदिन यह आयोजन होगें। इसकी शुरूआत घट स्थापना के साथ की गई। पूरे दिन गणपति जी की स्थापना का पर्व चला। शहर में गणपति जी की प्रतिमाओं को ले जाते हुए लोगों को देखा गया इन प्रतिमाओं में छोटी बड़ी सभी आकार की प्रतिमाएं थीं। झांकी आयोजकों ने अधिकांश स्थानों पर शुभ मुहुर्त के साथ गणपति जी की प्रतिमा स्थापित कीं। यह प्रतिमा स्थापना का आयोजन देर रात तक चलता रहा। भक्ति और आस्था की बयार अब शहर में 10 दिन तक देखने को मिलेगीं झांकी आयोजकों में इस पर्व को लेकर उत्साह है। इस बार भी शहर में लगभग 50 से अधिक स्थानों पर यहं झांकियां सजाई गई हैं। यहां प्रतिदिन सुबह और शाम को आरती के आयोजन होगें। शहर के रामलीला मंच पर हर रोज सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होगें। इसी प्रकार महाराष्ट्र समाज द्वारा भी दस दिवसीय यह आयोजन माधव भवन मे भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है।









### राजपुर में भगवान गणपति जी की झांकीं सजाई गई

श्रद्धा और भक्ति के इस पर्व को लेकर राजपुर में चार स्थानों पर भगवान गणपति जी की झांकियां सजाई गई हैं। जिसके बाद कस्बे में चहल पहल के साथ उत्साह देखने मिला। आयोजन स्थल को आर्कषक बिजली से सजाया गया है। मंडपों में फूलों और लाईट से साज सज्जा कर पंडालों में श्री गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर श्री गणेश भगवान की सुंदर झांकियां लगाईं गई। श्री सिद्धी विनायक, शिव-पार्वती नंदन की राजपुर के कईं घरों भी निजी तौर पर स्थापना कर पूजा अर्चना कर उन्हे लड्डुओं का भोग लगाया गया।

### घरों के साथ संस्थानों में गणपति स्थापित किए गए

वुधवार को गणपति जी की स्थापना का यह पर्व प्रारंभ हुआ इस दौरान शिक्षण संस्थाओं में भी भगवान गणपति जी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। नईसरायं के जीवाजी पब्लिक स्कूल में पूजा अर्चना के साथ गणपति जी की स्थापना की गईं। इसी प्रकार शहर से लेकर जिले तक प्रतिष्ठानों में भक्ति भाव से गणपति जी विराजमान किए गए। अनेक परिवारों में गणपति जी की स्थापना का पर्व परिवार के सदस्यों ने सामुहिक रूप से मनाया। यहां गणेश जी की स्थापना भक्ति भाव से मंत्रोच्चार के साथ की गई। आराधना और उपासना के साथ आरती के आयोजन हुए प्रसाद का वितरण किया गया। इस तरह की पूजा अर्चना और स्थापना का यह पर्व पूरे दिन चलता रहा। शहर में प्रतिवर्ष गणेश जी की स्थापना के इस पर्व पर झांकियां लगाने का चलन बढता जा रहा है।



### 12 का चंदेरी में इलाज, 3 रेफर

## खैरा गांव में आकाशीय बिजली गिरी, 15 लोग हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम खैरा में आकाशीय बिजली गिरने से 15 लोग घायल हो गए। यह सभी लोग खैरा गांव में एक तीसरे के कार्यक्रम मे शामिल होने आए थे तभी दोपहर 3:00 बजे बादल गरजने के साथ आकाशीय बिजली गिरी। इस घटना में 15 लोग घायल हुए हैं कुछ आटो में बैठे हुए थे कुछ पेड़ के नीचे पानी से बचने के लिए खड़े थे तभी यह घटना हुई। इन सभी घायलों को चन्देरी अस्पताल लाया गया। जानकारी मिलने के बाद तहसीलदार दिलीप दरोगा और पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों में खैरा और सिंगपुरताल व नयाखेडा के ग्रामीण शामिल हैं।

जिन घायलो का चन्देरी अस्पताल में उपचार चल रहा है उनमें फूलनबाई, पत्नी मिट्ठूलाल अहिरवार, पुष्पा बाई पत्नी सिरनाम सिंह अहिरवार, सुनीता पत्नी देवीलाल अहिरवार, जमुनीबाई पत्नी कल्लू अहिरवार, रामकली पत्नी मिश्रीलाल अहिरवार, गुडडी बाई पत्नी केहरीलाल अहिररवार, मेवाबाई पत्नी हज्जू अरिहवार, श्यामबाई पत्नी धन्नूलाल, पार्वती बाई पत्नी घेबर अहिरवार, गयाबाई पत्नी, बुडढेराम अहिरवार, कलाबाई पत्नी शराफी अहिरवार, सुकुनबाई बाई पत्नी रज्जू अहिरवार है।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित प्रकरणों के समाधान हेतु ज्ञापन सौंपा

अशोकनगर। आज जिला कांग्रेस कमेटी अशोकनगर द्वारा मध्यप्रदेश मैं ओबीसी आरक्षण संबंधी लंबित प्रकरणों के समाधान हेतु ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम सोपा गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, अशोकनगर की विधायक हरी बाबू राय, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सचिन शर्मा, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष यशपाल सिंह यादव, शाढ़ौरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, शिव प्रताप रघुवंशी, नई सराय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिशुपाल रघुवंशी, पिपरई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सजन लोधी, राणा यादव, मनोज यादव, अजब सिंह कुशवाहा, जितेंद्र त्यागी, मनोज यादव परवाई दिनेश शर्मा,राज कुमार यादव, देवेंद्र काका खेड़ी, लालू शाक्य, बल्लू पाल अभिषेक राय, राम सिंह यादव, राजकुमार कोलुआ, मोहर सिंह यादव, राजकुमार लोधी सुधीर शर्मा अकील खान, समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

### कानून व शांति व्यवस्था बनाने पर चर्चा हुई

◆ *आगामी त्योहारों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ कराई जाएंगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने रखने हेतु कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई ।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी त्यौहारों को आपसी सौहाद्र्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। सभी त्यौहार एवं उत्सव हर्षोल्लास से मने और शांति बनी रहे। इसके लिए प्रशासन एवं समाज के मध्य सामंजस्य आवश्यक है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ कराई जायेगी। त्यौहारों पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अवगत कराये, जिससे उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने उपस्थितजनों को गणेश चतुर्थी सहित आगामी त्यौहारों की शुभकामनाएं दी। बैठक कलेक्टर द्वारा आगामी त्यौहारों पर साफ-सफाई, बिजली, पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीतकुमार जैन ने कहा कि त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए है। उन्होंने गणेश जी की झांकियों में वालेंटियर की व्यवस्था दिन एवं रात में रखी जाए। झांकियों में विद्युत व्यवस्था हेतु कनेक्शन लिये गये है। विद्युत कनेक्शन की सुरक्षा व्यवस्था हेतु विद्युत विभाग द्वारा चेक किया जाए।उन्होंने कहा कि पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु रेत, पानी रखा जाए। उन्होंने कहा कि समिति के आयोजक,वालेंटियर हेतु व्हाट्सअप ग्रुप बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि डीजे की आवाज धीमी रखी जाए। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी त्यौहारों,जुलूसों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आवश्यक व्यवस्था के लिए अपने-अपने सुझाव दिये गये। बैठक में बताया कि 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी,30 अगस्त को नवाखाई,02 सितम्बर को तेजा दशमी, 03 सितम्बर को डोल ग्यारस,05 सितम्बर को मिलाद उल नबी,06 सितम्बर को अनंत चर्तुदशी,17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती,18 सितम्बर को राजा शंकर शाह बलिदान दिवस,20 सितम्बर को प्राणनाथ जयंती,22 सितम्बर को अग्रसेन जयंती,30 सितम्बर को महाष्टमी,01 अक्टूबर को महानवमी,02 अक्टूबर को गाँधी जयंती ,दशहरा, 07 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीक जयंती,10 अक्टूबर को करवा चैथ,20 अक्टूबर को दिपावली, 21 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा, 23 अक्टूबर को भाई दूज सहित अन्य आगामी त्यौहार मनाये जायेगें। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, एसडीएम अशोकनगर बृजविहारी लाल श्रीवास्तव,डिप्टी कलेक्टर इसरार खान,एसडीओपी विवेक शर्मा सहित शांति समिति के सदस्यगण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विश्व मांगल्य सभा ने जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को संदेश दिया

अशोकनगर। विश्व मांगल्य सभा अशोकनगर ने एकेडमिक हाइट स्कूल में बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बच्चों को जागरूक किया गया। निकिता चैरसिया ने बच्चों को स्पर्श के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी, जिससे वे अपनी सुरक्षा और सीमाओं को समझ सकें। डॉक्टर मेघा भंवर ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जानकारी दी और इसके बचाव एवं सुरक्षा के तरीकों के बारे में बताया। विश्व मंगल सभा ने नशे से दूरी है जरूरी मिशन मुक्ति अभियान के तहत बच्चों के साथ रैली कर और उन्हें जानकारी देकर नशे के खतरों के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को महत्वपूर्ण जीवन कौशल और स्वास्थ्य ज्ञान प्रदान करना था, जिससे वे अपने जीवन में सकारात्मक निर्णय ले सकें। एकेडमिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विश्व मांगल्य सभा ने प्रतीक चिन्ह देकर का सम्मान किया और बदले में विश्व मांगल्य सभा ने डॉक्टर निकिता चैरसिया और मेघा भवर का सम्मान किया। इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों के लिए कॉपी और पेन वितरित किए गए। साथ ही एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्य भी किया गया है। कार्यक्रम में विश्व मांगल्य सभा की अध्यक्ष किरण अग्रवाल, मध्य भारत प्रातं सहसंयोजक कविता साहू, बकुल त्रिपाठी, मिथिलेश यादव, अर्चना बंसल और अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता से प्रभावित होकर अंजू अग्रवाल नए सदस्य के रूप में जुड़ीं। यह कार्यक्रम न केवल सम्मान और आभार व्यक्त करने का अवसर था, बल्कि जरूरतमंद बच्चों की मदद करने और नए सदस्यों को जोड़ने का भी मौका था। 27 अगस्त फोटो न.01 विश्व मांगल्य सभा ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

## शिवन्या चौरसिया अनुराग बरहा को नेशनल में बेस्ट फाइटर अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





मध्यप्रदेश हैंड टू हैंड खेल संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी के द्वारा बताया गया कि 5वीं नेशनल हैंड टू हैंड फाइटिंग खेल प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग मध्यप्रदेश शासन के रानीताल खेल परिसर जबलपुर में 22-24 अगस्त तक मध्यप्रदेश हैंड टू हैंड खेल संघ द्वारा किया गया जिसमें मध्य प्रदेश की टीम में 30 खिलाड़ियों का चयन अशोकनगर जिले से 23 खिलाड़ियों से किया गया था जिसमें अशोकनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

अशोकनगर से पदक विजेताओं मेंशिवन्या चैरसिया, भावेश सेन, लवली अहिरवार, सोनाली पाल, अनुराग बरहा, संस्कृति बिजोले, राशि बालू, राधा ओझा, समीर पाठक, सोनम केवट,आरती विश्वकर्मा ने स्वर्ण पदक जीते। रजत पदक विजेताओं में आशा अहिरवार, देवांश पाल रजत, दिशार्थ धुरेंटे, पूनम शर्मा, हर्षित सोनी, वहीं कांस्य पदक विजेताओं में देवस्य गुप्ता, खुश अग्रवाल, अपूर्व अहिरवार, साईराज सोनी, शिवार्थ धुरेंटे, सुमित अहिरवार वरदांश मधुकर, ने कांस्य पदक जीतकर अशोकनगर सहित प्रदेश का गौरव बढ़ाया है युक्त प्रतियोगिता का शुभारंभ जबलपुर के विधायक अभिलाष पाण्डेय एवं मध्यप्रदेश वुशू संघ के सचिव मनोज गुप्ता, हैंड टू हैंड खेल संघ अध्यक्ष प्रदीप शिंदे, राकेश लिमाये, आकाश शर्मा ने किया। पदक विजेताओं में शिवन्या चैरसिया को 9 वर्ष एवं सोनाली पाल 11 वर्ष व अनुराग बरहा को 16 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मैडल सहित बेस्ट फाइटर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। शानदार उपलब्धियों पर बच्चों की उपलब्धि पर चंदेरी के विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, पूर्व विद्यायक जजपाल सिंह, जिला वुशू संघ अध्यक्ष दयासिंह संधू, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, मध्यप्रदेश हैंड टू हैंड खेल संघ अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, सचिव बृजेश धुरेंटे, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अजित जैन, रौशन कोहल ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

### पंचायत सचिव जिला सम्मेलन का आयोजन एवं सवांद कार्यशाला आयोजित होगी

**अशोकनगर।** गुरुवार मधुवन गार्डन अशोकनगर में पंचायत सचिव ज़लिा सम्मेलन एवं प्रशासनिक संवाद कार्यशाला आयोजित की जाएगी। पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यादव एवं प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाक़ात की ओर पंचायत सचिव ज़लिा सम्मेलन एवं प्रशासनिक संबाद कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। पंचायत सचिवों को योजनाओं के क्रियान्वयन में होने बाली परेशानी एवं समस्याओं को लेकर एवं पंचायत सचिवों की समस्यों को लेकर पंचयात सचिव ज़लिा सम्मेलन एवं प्रशासनिक संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सरकार की योजनाओं का अच्छे से क्रियान्वयन हो और लोगों को योजनाओं का लाभ मिले इसके संबंध में कलेक्टर से मार्गदर्शन प्राप्त किया जाएगा एवं पंचयात सचिव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा भी होंगे कार्यक्रम में होंगे शामिल।



### चुपचाप अंतिम संस्कार करने पर ग्रामीणों को मौत को लेकर था शक

# बेटी ने विवाह से मना किया, तो पिता ने घोंट दिया था उसका गला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरपुर

बीते चार दिनों से क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी एक छात्रा की मौत का खुलासा बुधवार को स्थानीय थाना पुलिस ने कर दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुषवाह ने बताया है कि छात्रा गुरनीत कौर की हत्या उसी के पिता बलिहार सिंह ने गला घोंट कर की थी। घटना 23 अगस्त की है, जिसकी सूचना पुलिस को 24 अगस्त की सुबह मिली। पुलिस द्वारा छात्रा के सभी परिजनों से बारी-बारी से पूछताछ की गई थी। जिसमें यह सच निकल कर सामने आया है।

दरअसल, 23-24 अगस्त की दरमियानी रात बहादुरपुर से महज तीन किलोमीटर गीलारोपा गांव में एक अंतिम संस्कार हुआ था। यह अंतिम संस्कार 17 वर्षीय एक छात्रा का हुआ था, जिसकी मौत संदेहास्पद थी। मौत और अंतिम संस्कार के बारे में पड़ोसियों का तक पता नहीं चला। ऐसे में किसी ने पुलिस को सूचना दी कि छात्रा की मौत संदेहास्पद है। पुलिस टीम 24 अगस्त की सुबह ही छात्रा के घर पहुंच गई। जहां अंतिम संस्कार किए गए स्थान पर पूरी तरह से सफाई मिली। छात्रा के पिता बलिहार सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी लेकिन जिस कमरे में फांसी लगाना बताया गया, वहां ऐसे कोई साक्ष्य नहीं थे। ऐसे में पुलिस का षक और गहरा गया। 24 अगस्त को ही पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन भी मौके पर पहुंचे। चूंकि मामला गंभीर था, इसलिए ग्वालियर से एफएसएल, फोरेंसिक टीम, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट, खोजी कुत्ते को भी लाया गया। जिसके बाद पुलिस को सुराग मिले। पुलिस की पूछताछ में आखिरकार छात्रा की मां ने सच उगल दिया। इसके बाद आरोपी बलिहार को हिरासत में लिया गया। मर्ग के मामले में हत्या की धाराओं का इजाफा किया गया। आरोपी को बुधवार में न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।





### विवाह करना चाहते थे परिजन, छात्रा राजी नहीं थी

पुलिस ने छात्रा की हत्या का कारण विवाह के लिए राजी नहीं होना बताया है। वह अपनी मर्जी से षादी करना चाहती थी, जबकि परिजन अन्यंत्र षादी पर अड़े थे। इसी बात पर 23 अगस्त की दोपहर को पिता-पुत्री के बीच विवाद हुआ। तैष में आकर पिता ने पुत्री का गला घोंट कर हत्या कर दी।

### मेधावी छात्रा थी गुरनीत, प्रथम श्रेणी में हुई थी उत्तीर्ण

मृतक छात्रा बहादुरपुर के षासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में इस वर्ष कक्षा 11वीं की छात्रा थी। उसने इसी विद्यालय से पिछले सत्र में 10वीं की बोर्ड परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष कक्षा 11 में प्रवेष लेने के बाद वह स्कूल कम ही आई। जिसके कारण उसकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी।

### बेतवा नदी में बहाईं अस्थियां, गोताखोरों ने की तलाष

बताया गया है कि छात्रा के पिता ने हत्या के बाद बगैर किसी को सूचना दिए चुपचाप ही छात्रा का अंतिम संस्कार कर दिया था। यही नहीं सूरज उगने के पहले ही उसकी अस्थियों का विसर्जन मल्हारगढ़ के निकट निसई घाट पर बेतवा में कर दिया गया। छात्रा की अस्थियों की तलाष में गोताखोरों ने बेतवा की गहराई भी नापी लेकिन बताया गया है कि कुछ हासिल नहीं हुआ।

### चार दिन से थी गहमागहमी

छात्रा की मौत के बाद ही क्षेत्र में अफवाहों के बाजार गर्म थे। पुलिस ने जैसे ही छात्रा के परिजनों को उठाया तो लोगों को लगा था कि मामले की कलई खुल जाएगी लेकिन हत्या का राज परिजनों से उगलवाने में पुलिस को कड़ी मषक्कत करनी पड़ी। आखिरकार छात्रा की मां ने पति द्वारा हत्या की बात स्वीकारी। उसने बताया कि पति ने दूसरे बच्चों को भी जान से मारने की धमकी देकर उसे चुप करा दिया था।

मनमानी से रेलवे के ठेकेदार बगैर सूचना और सुरक्षा मापदंडों के हर कभी कर रहे ब्लास्टिंग

# रेलवे के अचानक ब्लास्ट से हेडगेवार कॉलोनी थर्राई, गाड़ियों के फूटे कांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

क्षेत्र में भोपाल-रामगंजमंडी रेलवे लाईन का कार्य दुरत गति से चल रहा है। स्थानीय पाटन रोड पर जहां रेलवे स्टेशन निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है कि वहीं लाईन डालने से संबंधित अर्थवर्क व अन्य कार्य इन दिनों चल रहे हैं। रेलवे के ठेकेदार द्वारा बुधवार सुबह अचानक बगैर किसी सूचना के हार्डरॉक तोड़ने अचानक ब्लास्टिंग कर देने से आसपास की कॉलोनियों एवं रहवासी बस्तियों के लोग थर्रा उठे। बड़ी-बड़ी चट्टानों को फोड़ने वाला यह ब्लास्ट इतनी अधिक तीव्रता का था कि ब्लास्ट से बड़े-बड़े बोल्डर, पत्थर हेडगेवार, सिविल लाईन कॉलोनी तक पहुंच गए और तीन-चार कारों के कांच तक फूट गए। गनीमत से ब्लास्टिंग से उछले पत्थरों से जनहानि होने से बच गई।

ठेकेदार द्वारा बगैर सायरल और सूचना के अचानक की गई इस ब्लास्टिंग के चलते कॉलोनी के बाशिंदों का गुस्सा फूट पड़ा और सभी ने मौके पर एकत्रित होकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान रेलवे के इंजीनियर और ठेकेदार के सुपरवाईजर को भी मौके पर बुलवाया गया और आक्रोषित लोगों ने सुपरवाईजर के साथ धक्कामुक्की तक कर डाली। उल्लेखनीय है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब रेलवे द्वारा अधिकृत एजेंसी के ठेकेदार द्वारा बगैर सूचना के ब्लास्ट किया गया हो। पूर्व में भी अचानक इस तरह ब्लास्टिंग करने से लोगों के घरों में दरारें पड़ चुकी हैं वहीं वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।

**कॉलोनी के लोगों का फूटा गुस्सा, बोले-कमजोर हो रही इमारतें**





### ठेकेदार ने मांगी माफी दिया नुकसान का पैसा

रेलवे के ठेकेदार से हुई इस बड़ी चूक के चलते बाद में ठेकेदार द्वारा स्थानीय लोगों से मांफी मांगते हुए भविष्य में बगैर सूचना के ब्लास्टिंग न करने की बात कही गई। इसके साथ ही जिन लोगों की कारों में नुकसान हुआ उसकी भरपाई के लिए राशि भी संबंधित ठेकेदार द्वारा दी गई है। **वर्जनः** ठेकेदार को ताकीद कर दिया है कि भविष्य में बगैर सूचना किसी तरह की ब्लास्टिंग न करे। आगे से ब्लास्टिंग के वक्त मै स्वयं मौके पर मौजूद रहूंगा।

**बसंत कुमार**, साइट इंजीनियर, रेलवे

### धमाके से उछले पत्थरों से चार कारों के फूटे ग्लास

*बुधवार सुबह करीब 11 बजे के लगभग अचानक बगैर सूचना के की गई ब्लास्टिंग से हेडगेवार कॉलोनी के चार व्यक्तियों की कारों के फ्रंट एवं डोर ग्लास फूट गए जिससे लोगों को हजारों रुपए का नुकसान हो गया। इसके साथ ही ब्लास्टिंग से उछटकर कॉलोनी तक पहुंचे बोल्डर, पत्थर लोगों की घरों की छतों और मकानों के अंदर तक जा पहुंचे। ईश्वरीय कृपा से सिर्फ जनहानि होने से टल गई।*

### साप्ताहिक हाट के बावजूद की गई ब्लास्टिंग

*मुख्यालय पर हर बुधवार साप्ताहिक हाट-बाजार होने से पाटन सहित आसपास के अनेक ग्रामों के लोग खरीदारी करने राजगढ़ आया करते हैं। ऐसे में ब्लास्टिंग सहित अन्य कार्य बुधवार को करना पूर्णतः मना है। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी ने लोगों की जान जाखिम में डालते हुए डेटोनेटर से ब्लास्टिंग को अंजाम दिया।*

फिट इंडिया थीम पर गणपति बप्पा का भव्य स्वागत

# ढोल-नगाड़ों के संग गणेशोत्सव बच्चों को मिला फिटनेस मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

27 अगस्त को प्रोग्रेसिव किड्स और प्रोग्रेसिव हाइट्स में गणपति बप्पा की स्थापना बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में की गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच पूरे प्रोग्रेसिव परिवार ने मिलकर



गणपति का स्वागत किया। इस वर्ष गणेशोत्सव की थीम प्रधानमंत्री योजना दृ फिट इंडिया मूवमेंट पर आधारित रही। बच्चों को स्वास्थ्य के महत्व को समझाने और अच्छे जीवन मूल्यों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजन को विशेष स्वरूप प्रदान किया गया।

### प्रसाद में स्वास्थ्य संदेश

*सामान्य मिठाई और तैलीय प्रसाद के स्थान पर इस बार "नो शुगर दृ नो ऑयल" थीम पर स्वास्थ्यवर्धक प्रसाद वितरित किया गया।"स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूँजी है। यदि हम फिट रहेंगे और जीवन को संतुलित रखेंगे तो सच में सुखी और सफल रहेंगे।"का संदेश बच्चों और अभिभावकों तक पहुँचाया गया।*

### रोबोटिक मूषक और इनोवेटिव जिम आकर्षण का केंद्र

*बच्चों ने रोबोटिक लैब में इस थीम के अनुरूप एक जिम मॉडल तैयार किया। इस जिम में यह दर्शाया गया कि यदि आप हेल्दी फूड खाते हैं और नियमित व्यायाम करते हैं तो आप स्वस्थ और ऊर्जावान रहेंगे।*

### यदि आप जंक फूड या अनहेल्दी खानपान अपनाते हैं तो स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

*इसके अलावा बच्चों द्वारा बनाए गए रोबोटिक मूषक (गणपति के वाहन) आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। ये मूषक तकनीक और भक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहे थे। इस वर्ष की गणपति स्थापना को विशेष बनाने के लिए प्रोग्रेसिव परिवार ने इसे विभिन्न विषयों से भी जोड़ा। इसका उद्देश्य था बच्चों को यह समझाना कि गणपति बप्पा केवल विघ्नहर्ता ही नहीं बल्कि ज्ञान, विज्ञान और शिक्षा के प्रतीक भी हैं। भौतिकी बच्चों ने यह दर्शाया कि संतुलन और गति जीवन में उतने ही आवश्यक हैं जितने कि ब्रह्मांड में। जिम मॉडल में लगाए गए लीवर, गियर और रोबोटिक्स इसका प्रतीक बने।रसायन विज्ञान प्रसाद में "नो शुगर, नो ऑयल" का चयन बच्चों ने केमिस्ट्री की जानकारी वही जीव विज्ञान स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मन का आधार है। बच्चों ने मॉडल्स के माध्यम से यह दिखाया । इस प्रकार, गणपति स्थापना केवल धार्मिक उत्सव न रहकर एक शैक्षिक प्रयोगशाला बन गई, जिसमें भक्ति, विज्ञान, संस्कृति और शिक्षा दृ सभी का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और यह बताना था कि "सच्ची भक्ति वही है जो हमें अच्छे आदतों और स्वस्थ जीवन की ओर ले जाए। प्रोग्रेसिव परिवार ने इस अवसर पर यह संकल्प लिया कि आने वाली पीढ़ियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाने में वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे।*

वाटर लेवल मेन्टेन करने मोहनपुरा बांध के 4 गेट खोले

# समूचे क्षेत्र में हुई लगातार बारिश से लबालब हो चुके हैं क्षेत्र के जलस्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले की कुल औसत वर्षा के लिहाज से क्षेत्र में अब तक काफी बारिश हो चुकी है। इस साल अत्यधिक बारिश के चलते सभी बड़े, छोटे बांध सहित अन्य जल-स्त्रोत लगभग-लगभग अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भराए जा चुके हैं। बारिश का दौर अनवरत चालू रहने से आसपास से बहकर आने वाले पानी से मोहनपुरा बांध का जल स्तर लगातार बढ़ता ही जा रहा है।

ऐसे में बांध के निर्धारित वाटर लेवल को मेन्टेन करने बुधवार शाम 6 बजे बांध प्रबंधन द्वारा डैम के चार गेट खोल दिए गए। बांध प्रबंधक



अशोक दीक्षित ने बताया कि कुल चार गेट 0.5 मीटर खोलकर 305.632 क्यूमेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है।

बांध के गेट खोलने के एक घंटे पूर्व वहां स्थित बड़े सायरनों को बजाया गया वहीं शहर स्थित मोहनपुरा कार्यालय स्थित सायरल भी एहतियात के तौर पर बजाया गया ताकि लोग अलर्ट हो जाएं।

### कुंडालिया बांध 40 फीसदी खाली

*मोहनपुरा बांध भलेंही लबालब भरा हुआ है लेकिन यदि बात कुंडालिया डैम की करें तो 400 मीटर क्षमता वाला यह बांध अभी 392 मीटर के लगभग ही भरा पाया है। प्रतिशत के लिहाज से बात करें तो यह बांध फिलहाल 58 फीसदी के लगभग भरा हुआ है।*

## गुर्जर समाज ने मनाई सम्राट मिहिर भोज जयंती



माचलपुर। गुर्जर युवा समिति ने गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की जयंती धूमधाम से मनाई। प्रसिद्ध पड़ापड़ के देवरा मंदिर पर मंगलवार दोपहर बड़ी संख्या में समाज के युवा एकत्रित हुए और देव महाराज की पूजन आरती के पश्चात बाईक रैली निकाली। आगे डीजे की धुन पर युवा सम्राट माहिरभोज और भगवान देवनारायण के जयकारे लगाते चले। युवाओं ने अखाड़े में हैरतअंगेज कारनामे भी दिखाए। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी जहां नगर वासियों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। बाईक रैली का समापन नगर की पुरानी कृषि उपज मंडी में प्रसादी के उपरांत हुआ।

शासन, प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना पर कार्रवाई

# जिले के तीन निजी स्कूलों पर 4 लाख रुपए का ठोका जुर्माना




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले के विभिन्न अशासकीय विद्यालय प्रबंधनों द्वारा अक्सर लापरवाहियों एवं शासन के निर्देशों के प्रतिकूल काम करने के मामले सामने आते रहते हैं।

लेकिन, इस बार कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए ऐसे 3 लापरवाह निजी विद्यालयों पर 4 लाख का अर्थदंड अधिरोपित किया है। गत 26 जुलाई को कलेक्टोरेट में आयोजित निजी विद्यालयों को समीक्षा बैठक हुई थी जिसमे कुछ स्कूलों की लापरवाहियों पर सज्ञान लेते हुए राजगढ़ के राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल पर 2 लाख रुपए, सारंगपुर क्षेत्र के आसारेटा पंवार ग्राम के साईनाथ कॉन्वेंट स्कूल पर 1 लाख रुपए एवं सारंगपुर के ही शास्त्री स्मृति हाईस्कूल विद्या मंदिर पर 1 लाख रुपए की शाश्ती लगाई गई है। जारी आदेश के तहत तीनों स्कूल प्रबंधनों को कहा गया है की वे एक हफ्ते में उक्त दंड राशि लोक शिक्षण के खाते में ऑनलाइन जमा करवाएं।


### निजी प्रकाशकों को किताबों को दे रहे थे वरीयता

*राजगढ़ के राजेश्वर कॉन्वेंट स्कूल पर निजी पब्लिशरों की बुक्स संचालित करते हुए एनसीईआरटी के मापदंडों की अवहेलना की जा रही थी। साईनाथ एवं शास्त्री स्मृति स्कूल के संचालक न समीक्षा बैठक में उपस्थित हुए थे और न ही उनके द्वारा विभागीय नियमों का पालन किया जा रहा था।*

# राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

पब्लिक स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने स्टेट जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक जीतकर स्कूल और पूरे ब्यावरा का नाम रोशन किया है । 22 से 25 अगस्त इंदौर मे आयोजित जुडो स्टेट ओपन चैंपियनशिप मे बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा जिसमे ज्योतिराज प्रजापति ने -66 किलोग्राम मे स्वर्ण पदक जीता हरिओम प्रजापति ने -81 किलोग्राम मे और देशराज यादव ने -90 किलोग्राम मे रजत पदक जीतकर जिले को गोरवान्वित किया और साथ ही भोपाल मे आयोजित संभाग स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता में ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति, सुमित प्रजापति,और देशराज यादव इन खिलाड़ियों का गुना मे होने बाली 8 से 13 सितंबर तक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। छात्रों की इस सफलता पर संस्था समिति अध्यक्ष




आर एस राजपूत ,समिति सदस्य , सोनू राजपूत , मंजू गुप्ता, कृष्णा भदौरिया सुमित्रा भट्ट एवं संस्था प्राचार्य एस के जैन तथा समस्त स्टाफ सदस्यों चयनित छात्रों एवं खेल शिक्षक शुभम राजपूत एवं जितेन्द्र धनगर को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं ।

# महिला समूह की बैठक में प्रस्तुत किया आय-व्यय का लेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर विभिन्न रोजगारोन्मुखी कार्यों से जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में जैतपुराखुर्द की विश्वास महिला सामुदायिक संस्था की वार्षिक साधारण सभा की बैठक जिला परियोजना प्रबंधक संदीप सोनी की उपस्थित में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हुए आय-व्यय का लेखा-जोखा एवं ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही लखपति दीदी, ग्राम संगठन समीक्षा, कर्मचारी समीक्षा आदि मुद्धों पर भी चर्चा करते हुए आजीविका शपथ दिलवाई गई। बैठक के दौरान जिला टीम द्वारा सीएलएफ को और बेहतर कार्य करने हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए आवश्यक सुझाव दिए गए। इसके उपरान्त सर्वश्रैष्ठ संगठन व कर्मचारियों को पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति-पत्र व शील्ड प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला प्रबंधक अमित रावत, आशीष कौषिक, नोडल अधिकारी दीपक वर्मा, ब्लॉक प्रबंधक व स्व-सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

# शांति समिति की बैठक में लिए कई अहम निर्णय

■ **धार्मिक त्यौहार गणेशोत्सव , डोल ग्यारस , अनंत चतुर्दशी पर्वो को लेकर शांति समिति की बैठक हुई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

पुलिस थाना परिसर में थाना प्रभारी रवि ठाकुर की मुख्य उपस्थित में धार्मिक त्यौहार गणेशोत्सव , डोलग्यारस , अनंत चतुर्दशी पर्वो को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। जहां पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालुसिंह तोमर, नपा सीएमओ प्रभार देवनारायण दांगी सहित जनप्रतिनिधि , अधिकारी , कर्मचारी दोनों समुदाय के गणमान्य नागरिकों पत्रकारों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में इन त्यौहारों को शान्ति सौहार्द भाईचारे के साथ व्यवस्थित ढंग से मनाने पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये। नगर मे डोलग्यारस पर्व पर निकलने वाला विशाल चल समारोह (डोल जुलूस) प्रतिवर्षानुसार की भांति दोपहर तीन बजे चैपड़ा बाजार से प्रारंभ होकर बुधवारिया बाजार,जवाहर चैक, इंदर चैराहा, आवास कॉलोनी से शिवशंकर ताल छापीश्वर महादेव मंदिर बांध पर पहुंचेगी जहां पर भगवान की पुजा अर्चना उपरांत स्वागत समारोह तथा अन्नपूर्णा मंदिर पर पहुंचकर आरती प्रसाद वितरण पश्चात भगवान के विमान अपने-अपने मंदिरों में जावेगे। इस दौरान अन्नपूर्णा मंदिर के पास स्थित मस्जिद में नमाज साढ़े आठ बजे होवेगी।मस्जिद में नमाज उपरांत निर्धारित समय पर माँ अन्नपूर्णा मंदिर पर भगवान के विमान पहुंचने का निर्णय लिया।

## पत्नियों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा हरतालिका तीज का व्रत

**सुठालिया।** मंगलवार को महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र एवं दांपत्य जीवन सुख समृद्धि के लिए हरितालिका तीज का व्रत रखा गया यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे शुभ व्रत माना जाता है इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए खास पूजा की जाती है तीज की सुबह महिलाएं स्नान कर व्रत का संकल्प लेती है पूजा में मां पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमा को फल फूल और सुहाग की सामग्री से सजाया जाता है मेहंदी चूड़ियां और श्रृंगार का इसमें खास महत्व हे दिन भर निर्जला व्रत रखा जाता है यानी न जल न अन्न शाम को महिलाएं कथा सुनकर भजन कीर्तन करती है इससे दापत्य जीवन में सुख शांति और समृद्धि आती है तीज सिर्फ व्रत नहीं बल्कि आस्था प्रेम और समर्पण का प्रतीक है परलापुरा लक्ष्मीकांत मंदिर पर महिलाओं ने रात्रि जागरण किया।

**तहसील के 97 गांवों के किसानों को नहीं मिली फसल बीमा की राशि, अन्नदाताओं में पनपा आक्रोश**

# खुजनेर में किसान संघ ने खोला मोर्चा, विद्युत विभाग के सामने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

भारतीय किसान संघ द्वारा बुधवार को आक्रोशित किसानो ने अपनी मांगों को लेकर नगर में ट्रैक्टर रैली निकाल पचोर सोयत हाइवे को चक्काजाम किया ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान खुजनेर मांगलिक भवन में एकत्रित हुए जिसके बाद नारेबाजी करते हुए नगर के शिमला बस स्टैंड राजगढ़ चैराहा होते हुए दशहरा मैदान विद्युत विभाग के सामने पहुंचे जहा किसानों ने चक्काजाम किया किसान संघ द्वारा तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख मांगे थी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के साथ एक बुहत बड़ा धोखा है जो किसी के समझ नहीं आ रहा है, जितनी राशि प्रीमियम के माध्यम से बीमा कंपनी को जमा की जाती है, उतनी राशि भी किसानों को बीमा के नाम पर नहीं दी जाती, क्राप कटिंग में नुकसान होना पाया, उसके बाद भी किसानों को बीमा लाभ नहीं मिला(

कई हल्के छूट गये कुछ गांवों में 5-10 लोगों को नाम मात्र की फसल बीमा मिला बाकी किसान मुंह देखते ही रह गये अगर सरकार बीमा नहीं देना चाहती तो यह योजना बंद कर देखें ताकि डोन सर्वे का बहाना ना बनाना पड़े, सरकार और बीमा कंपनी की मिलीभगत से लाखों किसानों के साथ बहुत बड़ा



**आक्रोशित किसानो दी उग्र आंदोलन की चेतावनी**

षडयंत्र हो रहा है समय रहते इसका समाधान किया जावें सरकार द्वारा जिन फसलों का समर्थन मुल्य घोषित किया जाता है उन फसलों को समय पर खरीदने की सुचारु व्यवस्था की जावें एवं समर्थन मुल्य से कम दाम किसान की फसल ना बिके इसकी कानूनी गारंटी दी जावें नहीं तो समर्थन मुल्य घोषित करना बंद किया जावें सरकार रासायनिक खाद और बीज को लेकर बड़े दावें करती है लेकिन हकीकत कुछ और ही है किसान को सीजन में भी खाद नही मिलता है बाजार से



अधिक दाम पर खाद खरीदना पड़ता है सरकार की नाक के नीचे नकली खाद बीज, एवं कीटनाशक दवाई बाजार में खुलेआम बिक रहा है यहां भी किसानों के साथ धोका किया जा रहा है कोई रोकने वाला नहीं है, ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जावें ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत वितण कंपनी द्वारा मनमानी राशि का बिल दिया जा रहा है जो नियमित उपभोक्ता है उन्हीं से अधिक राशि ली जा रही है कई उपभोक्ता बिना कनेक्शन के विद्युत का उपयोग कर रहे है उनके उपर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है इस व्यवस्था में सुधार किया जावें। समय रहते बंद लाईन को आगामी सीजन के लिऐ दुरुस्त करवाई जावें विद्युत की कटौती रोज शाम के समय की जा रही है, उसको बंद किया जावें गौ वंश की रक्षा के लिए सरकार को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए, गाय सिर्फ किसान के खुटे पर ही सुरक्षित रह सकती है, इसलिऐ किसान को प्रति गाय पर 1 हजार रुपये मासिक दिया जाना चाहिए ताकि गाय भी सुरक्षित रहे और साथ ही जैविक खेती को भी बढ़ावा मिले ग्राम धुआखेड़ी में विगत माह में ग्रामीणजनों को राशन नही दिया गया।

इसकी जांच करवा कर तत्काल राशन वितरण करवाया जावें ग्राम रसूलपुरा में लगभग 50 किसानों के खेत पर जाने का रास्ता बंद है उसको तत्काल खुलवाया जावें खजनेर मण्डी में व्यापारियों द्वारा सरेआम मनमानी की जा रही है. बार बार कहने के बाद भी किसान की फसल का भगतान है व्यापारियों के निवास पर किया जा रहा है जिसके कारण जो व्यापारी मनमानी कर रहा है उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावें ग्राम गौरियाखेड़ा एवं पाडल्याखेड़ी ग्रिड से शाम के समय बार बार विद्युत कटौती की जा रही उसको बन्द किया जाए भारतीय किसान संघ द्वारा इन सभी को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन जिसमें जिला अध्यक्ष बद्रीलाल नागर जिला कार्यकारणी सदस्य डालचंद्र भिलाला तहसील अध्यक्ष विष्णु दांगी तहसील मंत्री रामकरण नागर तहसील उपाध्यक्ष राजेश नागर हरिनारायण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।